दिल्ली पब्लिक स्कूल,जम्मू

सत्र 2024-2025

अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा- छठी **विषय-हिंदी**

प्र•1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

महात्मा गाँधी अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे । वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से संबधित प्रत्येक कार्य, सफाई तक स्वयं करेगा । उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता है, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है । ऋषि-मुनियों ने कहा है-बिना श्रम किए जो भोजन करता है,वह वस्तुत: चोर है । महात्मा गाँधी का समस्त जीवन-दर्शन श्रम-सापेक्ष था उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादनकर्ता होना चाहिए । उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम हम आज भी भोग रहे है। न गरीबी कम होने में आती है, न बेरोजगारी पर नियंत्रण हो पा रहा है और न अपराधों की वृध्दि हमारे वश की बात हो रही है। दक्षिण कोरिया वासियों ने श्रमदान करके ऐसे श्रेष्ठ भवनों का निर्माण किया है, जिनसे किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है ।

1)कौन अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देता था?

क)सोनिया गाँधी ख) राहुल गाँधी ग)महात्मा गाँधी घ) राजीव गाँधी

2)ऋषि मुनियों के अनुसार जो बिना श्रम किए भोजन करता है,वह वस्तुत:क्या है?

क)राजा ख) चोर ग) सिपाही घ) रंक

3)दक्षिण कोरिया वासियों ने क्या दान करके श्रेष्ठ भवनों का निर्माण किया है?

क)धन ख)स्वर्ण ग)श्रमदान घ) ज़मीन

4)गाँधी जी के अनुसार प्रत्येक उपभोक्ता को क्या होना चाहिए?

5)ऊर्पयुक्त गंद्याश का शीर्षक है:-

प्र.2निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए:-

क)जार्ज कौन था?उसका नामकरण क्यों किया गया?

ख)पुरस्कार हेतु अपना नाम सुनकर तपन को विश्वास क्यों नहीं हुआ?

प्र•3 **दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें:-**

क)1.नर+इंद्र 2).सूर्य +उदय 3).गंगा+ऊर्मि(संधि करे)

ख))वाक्य किसे कहते हैं?

ग)रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

प्र•4 सहपाठी को जन्मदिन पर निमन्त्रित करने हेतु पत्र लिखिए।

प्र•5 ऊषा पंखे की विशेषताएँ बताते हुए रंगीन एवम आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

प्र•6निम्नलिखित विषय पर 50-60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-

⁕ईमानदारी का महत्व⁕

⁕ सद्गुण **⁕ मधुर संबंध**

⁕ लक्ष्य प्राप्ति में सहायक **⁕ आत्मसंतुष्टि**